मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-327
24/06/2020

# मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दरभंगा हवाई अड्डा निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

- हवाई अड्डे के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिये मुख्यमंत्री ने पहल करते हुये निरीक्षण स्थल से ही नागरिक उड्डयन मंत्री श्री हरदीप सिंह पूरी एवं भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के चयरमैन से दूरभाष पर वार्ता की और परियोजना के अत्यधिक महत्त्व को देखते हुये निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया।

- मुख्यमंत्री की पहल पर निर्माण कार्य में आ रही समस्या का हुआ निराकरण। हवाई पट्टी एवं टर्मिनल भवन के बचे हुए कार्य को तीव्र गति से पूरा करने का दिया निर्देश।

- दरभंगा में हवाई अड्डा के चालू हो जाने पर पूरे उत्तर बिहार एवं मिथिलांचल क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

पटना, 24 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश ने आज दरभंगा जिला के केवटी रनवे एयरफोर्स स्टेशन में निर्माणाधीन सिविल एयर स्ट्रिप/हवाई पट्टी एवं हवाई अड्डा टर्मिनल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के डी0जी0एम0 को दरभंगा हवाई अड्डा के हवाई पट्टी एवं टर्मिनल भवन के बचे हुए कार्य को तीव्र गति से पूरा करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा का हवाई अड्डा एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसके चालू हो जाने पर दरभंगा सहित पूरे उत्तर बिहार के लोगों के लिये हवाई यात्रा करने में सहूलियत होगी। इस हवाई अड्डा के चालू हो जाने पर पूरे उत्तर बिहार एवं मिथिलांचल क्षेत्र में नए व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे और इस इलाके में आर्थिक गतिविधियों में भी बढ़ोत्तरी होगी।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी दरभंगा को भी दरभंगा हवाई अड्डा के निर्माण कार्य का नियमित अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया।

दरभंगा हवाई अड्डे के निर्माण कार्य में कई तरह की समस्यायें आ रही थी। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निराकरण के लिये पहल करते हुये निरीक्षण स्थल से ही नागरिक उड्डयन मंत्री श्री हरदीप सिंह पूरी एवं भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के चयरमैन से दूरभाष पर वार्ता कर परियोजना के अत्यधिक महत्त्व को देखते हुये निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया।

केन्द्रीय उड्डयन मंत्री से वार्ता के पश्चात निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का तत्क्षण निराकरण हो गया है।

हवाई अड्डा प्राधिकरण के डी0जी0एम0 द्वारा बताया गया कि हवाई पट्टी का 55% निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने हवाई पट्टी के बचे हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही टैक्सी ट्रैक को चौड़ा करने एवं टर्मिनल भवन के निर्माण कार्य को भी तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने टर्मिनल भवन को एन0एच0– 527B से जोड़ने के लिये अलग रास्ता बनाने एवं इसके आगमन एवं निकास मार्ग गेट नंबर 1 से करने का सुझाव दिया ताकि एयर फोर्स एवं एयर पोर्ट दरभंगा का रास्ता अलग अलग रहे।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री, श्री संजय कुमार झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित जिलाधिकारी दरभंगा डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, पुलिस अधीक्षक श्री बाबू राम, सी0टी0 एस0पी0 श्री योगेंद्र कुमार, हवाई अड्डा प्राधिकरण के डी0जी0एम0, वायुसेना के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******